>

Title: Situation arising out of lack of storage facilities for wheat in the country.

श्री शरद यादव (मधेपुरा): सभापति महोदया, सुबह जो परिस्थिति थी, उससे हमें मन में बहुत तकलीफ और क्षोभ है। मैं यह कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान की बहुसंख्यक आबादी का, जो किसानों का मामला था, उसको जिस तरह से सुबह आधे घंटे तक इग्नोर किया गया और मैं लगातार खड़ा रहा, इस सदन में इस तरह का काम चल नहीं सकता है। सदन अध्यक्ष जी चलाती हैं और उनका मान-सम्मान हम लोगों ने कभी कम नहीं किया, बहुत तकलीफ रहती है, तब भी कम नहीं किया। मैं एक बात का आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि पूरे सदन में जितने मैम्बर हैं, उनकी जो तकलीफ है, जिस तरह से सड़कों पर अनाज है, उस मामले को उठाने नहीं दे रहे हैं, जबकि एक से एक मामले उठते रहते हैं। इसलिए आज पूरा सदन मौन रख कर और क्षोभ में, क्योंकि इस तरह से हम सदन में नहीं बैठ सकते हैं, आपको सदन में जो करना है कीजिए। हम इस सदन में आज अपना क्षोभ व्यक्त करते हुए कि सदन इस तरह से नहीं चलेगा और न ही चलने देंगे। हमें कुछ बोलना नहीं है।

इन्हीं बातों के साथ हम सदन का बायकॉट करना चाहते हैं, बहिर्गमन करना चाहते हैं।

14.03 hrs.

Shri Sharad Yadav, Shrimati Sushma Swaraj and some other hon. Members then left the House

श्री रेवती रमण सिंह (इलाहाबाद): सभापति महोदया, माननीय शरद जी ने जो कहा है, मैं समाजवादी पार्टी की ओर से अपने को उससे सम्बद्ध करता हूं। यह पूरे सदन का मामला है। आज सदन में बहुत महत्वपूर्ण मामला उठाया गया था। उत्तर प्रदेश के साथ पूरे देश में और आपके यहां राजस्थान में भी हो सकता है कि एफसीआई को बोरियां खरीद कर भेजना था। गेहूं पक कर खेतों से आ गया है, लेकिन उसके बावजूद भी एफसीआई ने बोरियां खरीद कर नहीं भेजी हैं। सबसे ज्यादा ताज्जुब की बात है कि कृषि मंत्री जी को यहां उत्तर देना चाहिए था, लेकिन आजाद जी को कागज पकड़ा दिया गया। ये â€¦

* जवाब दे रहे थे, इन्हें क्या मालूम कि बोरियां हैं या नहीं हैं। पूरे देश में यही हालत है।

सभापति महोदया : ये शब्द हटा दिया जाए।

श्री रेवती रमण सिंह :मैं आपसे आग्रह करूंगा कि सरकार को निर्देश दें, प्रणब दादा और बंसल जी बैठे हैं। मैं चाहूंगा कि तत्काल इसे गंभीरता से लेते हुए बारदाना भिजवाने का कष्ट करें, जिससे पूरे देश में गेहूं की खरीद हो सके।

DR. M. THAMBIDURAI (KARUR): Madam, in the morning, we raised an important issue.

MADAM CHAIRMAN : There is no discussion going on now.

DR. M. THAMBIDURAI : Madam, I want to raise the issue regarding the Home Minister....(*Interruptions*) Since we are not allowed to raise the issue regarding the Home Minister who is involved in corruption, in protest, we are walking out.

14.05 hrs

At this stage, Dr. M. Thambidurai and some other

hon. Members left the House

MADAM CHAIRMAN: Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦**

MADAM CHAIRMAN: Now we will take up Demands for Grants pertaining to the Ministry of Health and Family Welfare.